संजीव®

One Stop Solution for Exam Review

# राजस्थान

## भूगोल, अर्थव्यवस्था एवं राजव्यवस्था

RPSC & RSSB

# PYQ

Green Book

**Previous Years Questions**

7 संभागों एवं 41 जिलों के संदर्भ में विस्तृत व्याख्या

राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2024-25 एवं बजट 2025-26 का समावेश


लेखक एवं संकलनकर्ता

**अनुप्रिया**
R.A.S. 2021 चयनित

**गौरव बुडानिया**
I.A.S. AIR 13 | RAS Rank 12

संपादक

डॉ. दीपेश कुमार सैनी



संजीव प्रकाशन, जयपुर

- **प्रकाशक :**
  **संजीव प्रकाशन**
  धामाणी मार्केट, चौड़ा रास्ता,
  जयपुर-03
  Website : www.sanjivprakashan.com


- © **संजीव प्रकाशन**


- **संस्करण - द्वितीय**
- **मूल्य : ₹ 400.00**
- **लेजर कम्पोजिंग :**
  संजीव प्रकाशन (D.T.P. Department), जयपुर
- **मुद्रक :**
  पंजाबी प्रेस, जयपुर



- इस पुस्तक में त्रुटियों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है। किसी भी त्रुटि के पाये जाने पर अथवा किसी भी तरह के सुझाव के लिए आप हमें निम्न पते पर email या पत्र भेजकर सूचित कर सकते हैं-
  **Email : sanjeevcompetition@gmail.com**
  पता : प्रकाशन विभाग, संजीव प्रकाशन
  धामाणी मार्केट, चौड़ा रास्ता, जयपुर
  आपके द्वारा भेजे गये सुझावों से अगला संस्करण और बेहतर हो सकेगा।
- इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनर्प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीक या तरीके-इलेक्ट्रोनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम से प्रकाशक की अनुमति के बिना प्रकाशन या वितरण नहीं किया जा सकता है।
- हमने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता या त्रुटि के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए लेखक, प्रकाशक, संपादक तथा मुद्रक किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं हैं।
- सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र 'जयपुर' होगा।

# अनुक्रमणिका

| अध्याय का नाम | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|
| **राजस्थान भूगोल व अर्थव्यवस्था** | **5-215** |


1. राजस्थान : एक परिचय ........ 6
2. राजस्थान : स्थिति एवं विस्तार, भौतिक स्वरूप ........ 13
3. राजस्थान की अपवाह प्रणाली : नदियाँ एवं झीलें ........ 34
4. जलवायु एवं मृदा ........ 52
5. प्राकृतिक वनस्पति एवं वन्यजीव ........ 66
6. राजस्थान में कृषि ........ 87
7. राजस्थान की पशु सम्पदा ........ 98
8. राजस्थान की बहुउद्देशीय परियोजनाएँ : सिंचाई एवं पेयजल ........ 107
9. राजस्थान में ऊर्जा संसाधन : परंपरागत एवं गैर-परंपरागत ........ 120
10. राजस्थान में खनिज सम्पदा ........ 128
11. राजस्थान में उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी ........ 143
12. राजस्थान में पर्यटन ........ 159
13. राजस्थान में परिवहन ........ 167
14. राजस्थान में जनसंख्या ........ 170
15. निर्धनता एवं बेरोजगारी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य ........ 183
16. अकाल, सूखा, बाढ़ एवं मरुस्थलीकरण ........ 190
17. राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप एवं अन्य प्रमुख योजनाएँ ........ 193
18. आर्थिक संवृद्धि, विकास एवं नियोजन ........ 214

| अध्याय का नाम | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|
| **राजस्थान राजव्यवस्था** | **216-280** |


1. राजस्थान के राज्यपाल ........ 217
2. मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद् ........ 225
3. राज्य विधानसभा ........ 234
4. मुख्य सचिव, शासन सचिवालय एवं मुख्यमंत्री कार्यालय ........ 241
5. संभागीय एवं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन ........ 245
6. पंचायती राज एवं शहरी स्थानीय स्वशासन ........ 247
7. राज्य न्यायपालिका ( उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालय ) ........ 257
8. संवैधानिक निकाय : राजस्थान लोक सेवा आयोग, राजस्थान निर्वाचन आयोग, राजस्थान वित्त आयोग, महाधिवक्ता आदि .. 260
9. सांविधिक निकाय : राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग, राजस्थान राज्य महिला आयोग, राजस्थान राज्य सूचना आयोग, लोकायुक्त आदि ........ 267
10. विधिक अधिकार एवं नागरिक अधिकार पत्र ........ 277
11. विविध ........ 279

# राजस्थान भूगोल व अर्थव्यवस्था

# PYQ

**Previous Years Questions**

# 1 राजस्थान : एक परिचय

- **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन राजस्थान की विश्व मानचित्र पर स्थिति के संदर्भ में सही है? [पशु परिचर (S-I), 2024]**

(1) कर्क रेखा राजस्थान के मध्य भाग से होकर गुजरती है।
(2) भूमध्य रेखा राजस्थान के उत्तरी भाग से होकर गुजरती है।
(3) राजस्थान दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है।
(4) कर्क रेखा राजस्थान के दक्षिणी भाग से होकर गुजरती है।

**व्याख्या : (4)** कर्क रेखा (23°30′ उत्तरी अक्षांश रेखा) राजस्थान के मध्य भाग से नहीं, अपितु राजस्थान के दक्षिणी भाग से होकर गुजरती है, अर्थात् यह डूँगरपुर जिले के दक्षिणी भाग से होती हुई बाँसवाड़ा जिले के लगभग मध्य से गुजरती है।
भूमध्य रेखा राजस्थान के उत्तर में नहीं, अपितु दक्षिण में अवस्थित है। राजस्थान दक्षिणी गोलार्द्ध में नहीं, अपितु उत्तर-पूर्वी गोलार्द्ध में अवस्थित है।

- **जैसलमेर का प्राचीन नाम क्या था? [CET 10+2, 2024]**

(1) मांड (2) धाड़
(3) मरु (4) मारन

**व्याख्या : (1)** जैसलमेर एवं इसके निकटवर्ती क्षेत्रों को प्राचीन काल में मांड नाम से जाना जाता था। यहाँ के अन्य क्षेत्रीय नामों में वल्लमंडल, दुँगल, 'अनन्तगोचर' इत्यादि भी उपलब्ध होते हैं।

- **उस क्षेत्र को राजपूताना कहने वाले प्रथम व्यक्ति कौन थे जिसे अब राजस्थान कहा जाता है? [CET 10+2, 2024]**

(1) जॉर्ज अब्राहम (2) जॉर्ज थॉमस
(3) जॉर्ज एलेक्जेंडर (4) जॉर्ज टॉड

**व्याख्या : (2)** राजस्थान के लिए 'राजपूताना' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 1800 ई. में जॉर्ज थॉमस ने किया था। उल्लेखनीय है कि कर्नल जेम्स टॉड ने 'एनाल्स एण्ड एंटीक्विटीज ऑफ राजस्थान' में राजस्थान के लिए 'रजवाड़ा', 'रायथान' व 'राजस्थान' शब्द का प्रयोग किया।

- **निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान का राज्य वृक्ष है? [CET 10+2, 2024]**

(1) खेजड़ी (2) रोहिड़ा
(3) साल (4) देवदार

**व्याख्या : (1)** राजस्थान का राज्य वृक्ष – खेजड़ी (प्रोसोपिस सिनेरेरिया)
राजस्थान का राज्य पुष्प – रोहिड़ा (टिकोमेला अनडुलेटा)
राजस्थान का राज्य पशु – चिंकारा (वन्य श्रेणी), ऊँट (पालतू श्रेणी)

- **राजस्थान का कौन-सा शहर परिधानों के शहर (सिटी ऑफ गारमेंट्स) के नाम से जाना जाता है। [CET 10+2, 2024]**

(1) जयपुर (2) कोटा
(3) भीलवाड़ा (4) बीकानेर

**व्याख्या : (3)** राजस्थान का भीलवाड़ा शहर परिधानों के शहर (सिटी ऑफ गारमेंट्स) के नाम से जाना जाता है। भीलवाड़ा को राजस्थान का मैनचेस्टर भी कहा जाता है। उल्लेखनीय है कि कोटा को 'राजस्थान का कानपुर', जोधपुर को 'सूर्यनगरी' तथा जयपुर को 'पूर्व का पेरिस' कहा जाता है।

- **.............. जिसे पहले मारु कहा जाता था, फिर मरुवारा और बाद में मारवाड़ कहा जाने लगा– [CET 10+2, 2024]**

(1) भरतपुर (2) धौलपुर
(3) जयपुर (4) जोधपुर

**व्याख्या : (4)** जोधपुर के आसपास के क्षेत्र को जिसे पहले मारु फिर मरुवारा और बाद में मारवाड़ कहा जाने लगा। उल्लेखनीय है कि जोधपुर को सूर्यनगरी, थार मरुस्थल का प्रवेश द्वार तथा ब्लू सिटी भी कहा जाता है।

- **राजस्थान की भाषा के लिए 'राजस्थानी' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस व्यक्ति ने किया? [CET 10+2, 2024]**

(1) जॉर्ज विलियम (2) जॉर्ज फ्रेंकलिन
(3) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन (4) जॉर्ज लिंकन गेरीसन

**व्याख्या : (3)** राजस्थान की भाषा के लिए 'राजस्थानी' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन ने 1912 ई. में अपनी पुस्तक लिंग्विटिस्क सर्वे ऑफ इंडिया नामक ग्रंथ में किया था।

- **राजस्थान का राज्य पक्षी कौन-सा है? [CET स्नातक स्तर, 2024]**

(1) गोडावन (ग्रेड इंडियन बस्टर्ड)
(2) नीलकंठ
(3) भारतीय रोलर (4) मोर

**व्याख्या : (1)** गोडावन (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) को वर्ष 1981 में राजस्थान का राज्य पक्षी घोषित किया गया था। इसे सोनचिरैया, पाल मोरड़ी, घोरार व हुकना आदि नामों से जाना जाता है। गोडावन राजस्थान में राष्ट्रीय मरु उद्यान (जैसलमेर), सोंकलिया तथा सोरसन में पाए जाते हैं।

- **सन् 1800 ई. में वह कौन व्यक्ति था जिसने आज के राजस्थान को राजपूताना कहा? [LDC परीक्षा, 2024]**

(1) जॉर्ज थॉमस (2) जेम्स टॉड
(3) जॉर्ज कलॉनी (4) जेम्स रिजु

**व्याख्या : (1)** राजस्थान के इस भू-भाग के लिए राजपूताना शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग सन् 1800 ई. में जॉर्ज थॉमस द्वारा किया गया था। विलियम फ्रेंकलिन ने भी 1805 ई. में प्रकाशित अपनी पुस्तक मिलिट्री मोमोयर्स ऑफ जॉर्ज थॉमस में इस क्षेत्र के लिए 'राजपूताना' शब्द का प्रयोग किया है।

- **निम्न में से राजस्थान के राज्य वृक्ष का नाम बताएँ– [महिला पर्यवेक्षक, 2024]**

(1) पीपल (2) अशोक
(3) खेजड़ी (4) नीम

**व्याख्या : (3)** राजस्थान का राज्य वृक्ष खेजड़ी है। इसे 31 अक्टूबर, 1983 को राज्य वृक्ष घोषित किया गया है। यह लेग्यूमिनोसी परिवार का वृक्ष है। इसका वैज्ञानिक नाम 'प्रोसोपिस सिनेरेरिया' है। इसे स्थानीय भाषा में 'सीमलो' कहते हैं। खेजड़ी वृक्ष का फूल 'मींझर', फली 'सांगरी' तथा पत्तियों को 'लूम' कहा जाता है। विजयदशमी पर इस वृक्ष की पूजा की जाती है।

- **राजस्थान का कौनसा शहर 'मेंहदी नगरी' कहलाता है?**
**[कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा, 2024]**
(1) जैसलमेर (2) जयपुर
(3) सोजत (4) आमेर

**व्याख्या : (3)** 'सोजत' (पाली) को राजस्थान की मेहंदी नगरी कहा जाता है। उल्लेखनीय है कि सोजत, पाली राजस्थान में मेहंदी का सबसे बड़ा उत्पादक है। मेहंदी मण्डी, सोजत (पाली) में ही स्थित है।

- **निम्न में से गलत युग्म को पहचानिए : [संविदा नर्स भर्ती, 2024]**
(1) राजस्थान का गाँधी — गोकुल भाई भट्ट
(2) राजस्थान का लोकनायक — जय नारायण व्यास
(3) राजस्थान का लौह पुरुष — दामोदर लाल व्यास
(4) राजस्थान की मरु कोकिला — बन्नो बेगम

**व्याख्या : (4)** राजस्थान की मरू कोकिला उपनाम से मांड गायिका अल्लाह जिलाई बाई को जाना जाता है। ये बीकानेर के महाराजा गंगासिंह के दरबार में राजगायिका के पद पर प्रतिष्ठित रही थीं। 1982 ई. में भारत सरकार द्वारा इन्हें पद्मश्री से अलंकृत किया गया। वर्ष 2003 में भारत सरकार द्वारा इनकी स्मृति में पाँच रुपये का स्मारक डाक टिकिट जारी किया गया। राजस्थान सरकार ने 31 मार्च, 2012 को उन्हें प्रथम 'राजस्थान रत्न' सम्मान से सम्मानित किया। 'केसरिया बालम.........' उनके द्वारा गाया गया प्रसिद्ध गीत था।

- **चौंप क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा–**
**[CET 10+2 Level, 2023, प्रयोगशाला सहायक (विज्ञान), 2022]**
(1) जोधपुर में (2) जयपुर में
(3) कोटा में (4) बीकानेर में

**व्याख्या : (2)** चौंप क्रिकेट स्टेडियम जयपुर के चौंप गाँव में निर्माणाधीन है। यह **विश्व का तीसरा** तथा **भारत का दूसरा सबसे बड़ा** क्रिकेट स्टेडियम है। इसकी दर्शकों की क्षमता 75 हजार है। इसका नाम 'अनिल अग्रवाल अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम' रखा गया है।

- **राजस्थान का कौन-सा शहर भारत में सबसे बड़े ऊन के बाजार के रूप में जाना जाता है? [CET 10+2 Level, 2023]**
(1) बाड़मेर (2) जोधपुर
(3) जैसलमेर (4) बीकानेर

**व्याख्या : (4)** राजस्थान में स्थित बीकानेर शहर भारत में सबसे बड़े ऊन के बाजार के रूप में जाना जाता है। एशिया की सबसे बड़ी ऊन मण्डी **बीकानेर** में स्थित है।

- **अधोलिखित में से कौनसा युग्म (प्राचीन अंचल–आधुनिक जिला/जिले) सही सुमेलित नहीं है? [CET स्नातक स्तर, 2023]**
(1) अर्बुद देश-सिरोही (2) शिवि–चित्तौड़गढ़, उदयपुर
(3) सपादलक्ष–अजमेर, नागौर (4) वागड़–सीकर, झुंझुनूँ

**व्याख्या : (4)** वागड़/वाग्वार/वार्गट डूँगरपुर तथा बाँसवाड़ा क्षेत्र को कहा जाता है। सीकर, चूरू व झुंझुनूँ क्षेत्र को 'शेखावाटी/बांगड़' के नाम से जाना जाता है।

- **राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें– [CET स्नातक स्तर, 2023]**
(i) श्रीगंगानगर (ii) जालोर
(iii) जोधपुर (iv) बीकानेर
**कूट :**
(1) (ii), (i), (iii), (iv) (2) (i), (ii), (iii), (iv)
(3) (i), (iv), (iii), (ii) (4) (ii), (iv), (iii), (i)

**व्याख्या : (3)** जिलों का उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम क्रमशः श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर तथा जालोर है। राजस्थान की उत्तर से दक्षिण तक कुल लम्बाई 826 किमी. तथा पूर्व से पश्चिम तक चौड़ाई 869 किमी. है। लम्बाई व चौड़ाई में अन्तर 43 किमी. है।

- **राजस्थान की बांका–पट्टी किस समस्या से ग्रसित है?**
**[CET स्नातक स्तर, 2023]**
(1) चूना–पत्थर की (2) सूखा और अकाल की
(3) फ्लोराइड की (4) वायु प्रदूषण की

**व्याख्या : (3)** राजस्थान में नागौर से अजमेर तक कुछ क्षेत्रों में भूगर्भीय पानी में **फ्लोराइड** की अत्यधिक मात्रा के कारण वहाँ के निवासियों की हड्डियों में टेढ़ापन आता है। अत: इसे **कूबड़ पट्टी** (बांका पट्टी) भी कहते हैं।

- **माही नदी के किनारे कई द्वीपों की उपस्थिति के कारण निम्नलिखित में से किसे 'सौ द्वीपों का शहर' भी कहा जाता है?**
**[Asst. Town Planner, 2022, EO/RO, 2022]**
(1) जयसमंद (2) धारीवाड़ (3) बाँसवाड़ा (4) उदयपुर

**व्याख्या : (3)** बाँसवाड़ा को **'सौ द्वीपों का शहर'** कहा जाता है। बाँसवाड़ा की स्थापना महारावल जगमाल ने की थी। इसे 'राजस्थान का चेरापूँजी' भी कहा जाता है। बाँसवाड़ा को लोढ़ी काशी (मिनी काशी) के नाम से भी जाना जाता है। स्कंध पुराण में बाँसवाड़ा क्षेत्र को 'कुमारिका खण्ड' कहा गया है। कर्क रेखा के बाँसवाड़ा जिले के मध्य से गुजरने के कारण इसका अधिकांश भाग उष्ण कटिबंध में आता है।

- **निम्नलिखित में से राजस्थान का कौन-सा शहर 'कुंडों और बावड़ियों के शहर' के रूप में जाना जाता है?**
**[EO/RO परीक्षा, 2022]**
(1) अजमेर (2) बीकानेर
(3) उदयपुर (4) बूँदी

**व्याख्या : (4)** 'कुंडों और बावड़ियों के शहर' के रूप में राजस्थान का बूँदी शहर जाना जाता है। बूँदी स्थित 'रानीजी की बावड़ी' एवं 'अनारकली की बावड़ी' प्रमुख बावड़ियाँ हैं। अन्य शहरों के उपनाम– **भीलवाड़ा**–वस्त्रनगरी, **बाँसवाड़ा**–सौ द्वीपों का शहर, **जयपुर**–गुलाबी नगरी, **जैसलमेर**–हवेलियों व झरोखों का शहर, **जालोर**–ग्रेनाइट नगरी, **श्रीगंगानगर**–राजस्थान का अन्न भण्डार एवं **उदयपुर**–झीलों की नगरी।

- **'थार का घड़ा' किसे कहा जाता है? [EO/RO परीक्षा, 2022]**
(1) चाँदन नलकूप (2) मांडल नलकूप
(3) खारा नलकूप (4) ताजा नलकूप

**व्याख्या : (1)** 'थार का घड़ा' **चाँदन नलकूप** को कहा जाता है। यह राजस्थान के जैसलमेर जिले के चाँदन गाँव में स्थित है। भारत में थार के मरुस्थल का लगभग 90 प्रतिशत भाग राजस्थान में स्थित है। **'बाटाडू का कुआँ'** बाड़मेर में स्थित है।

- **राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन-सा 'संगमरमर शहर' के रूप में प्रसिद्ध है? [EO/RO परीक्षा, 2022]**
  (1) नाचना (2) बीदासर (3) खेतड़ी (4) मकराना

**व्याख्या : (4)** संगमरमर शहर के रूप में प्रसिद्ध शहर 'मकराना' (डीडवाना-कुचामन) है। यहाँ का सफेद रंग का मार्बल विश्व प्रसिद्ध है। आगरा के विश्व प्रसिद्ध ताजमहल का निर्माण मकराना के संगमरमर से हुआ है।

- **भीलवाड़ा को राजस्थान के ............... के रूप में जाना जाता है। [EO/RO परीक्षा, 2022]**
  (1) ज्यूरिख़ (2) मेनचेस्टर
  (3) ऑक्सफोर्ड (4) डेट्रॉइट

**व्याख्या : (2)** वर्तमान में राजस्थान में सूती वस्त्र मिलें मुख्यत: ब्यावर, पाली, भीलवाड़ा, कोटा, चित्तौड़गढ़, जयपुर, श्रीगंगानगर, किशनगढ़ व बाँसवाड़ा में हैं। भीलवाड़ा को **'राजस्थान का मेनचेस्टर'** या **'वस्त्रनगरी'** कहते हैं। इसे वस्त्र निर्यातक शहर का दर्जा भी दिया गया है। भिवाड़ी (खैरथल-तिजारा) को **'राजस्थान का नवीन मेनचेस्टर'** कहा जाता है।

- **राजस्थान के किस जिले से कर्क रेखा गुजरती है? [द्वितीय श्रेणी शिक्षक परीक्षा (ग्रुप-A), 2022]**
  (1) बाँसवाड़ा (2) धौलपुर
  (3) उदयपुर (4) बारां

**व्याख्या : (1)** कर्क रेखा (23 डिग्री 30 मिनट उत्तरी अक्षांश) राज्य में डूँगरपुर जिले की दक्षिण सीमा के पास से तथा बाँसवाड़ा जिले के मध्य से कुशलगढ़ के समीप से गुजरती है। बाँसवाड़ा शहर कर्क रेखा से राज्य का सर्वाधिक नजदीक स्थित शहर है। राज्य का अधिकांश भाग कर्क रेखा के उत्तर में होने के कारण जलवायु की दृष्टि से उपोष्ण या शीतोष्ण कटिबंध में स्थित है तथा बाँसवाड़ा जिले का अधिकांश भाग उष्ण कटिबंध में है।

- **कर्क रेखा जिन जिलों से होकर गुजरती है, वें हैं– [CET 10+2 Level, 2023, कनिष्ठ अभियन्ता कृषि, 2022]**
  (1) बाँसवाड़ा-डूँगरपुर (2) जैसलमेर-जोधपुर
  (3) जालौर-बाड़मेर (4) जोधपुर-भरतपुर

**व्याख्या : (1)** कर्क रेखा ($23^o30'$ उत्तरी अक्षांश) राजस्थान के डूँगरपुर जिले के दक्षिणी भाग में गलियाकोट नामक स्थान एवं बाँसवाड़ा जिले के लगभग मध्य से होकर गुजरती है। बाँसवाड़ा जिले में कर्क रेखा की लम्बाई 26 किमी. है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान का अधिकांश भाग कर्क रेखा के उत्तर में अवस्थित है।

- **निम्नलिखित में से कौनसा (प्राचीन अंचल–वर्तमान जिले/जिला) सुमेलित नहीं है? [कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिप्लोमा), 2022]**
  (1) शिवि—चित्तौड़गढ (2) जाँगलदेश—बीकानेर
  (3) सपादलक्ष—सीकर और झुंझुनूँ
  (4) अर्बुद—सिरोही

**व्याख्या : (3)** प्राचीनकाल में साँभर के आस-पास का क्षेत्र सपादलक्ष कहलाता था। यह चौहानों का मूल स्थान माना जाता है। सपादलक्ष के चौहानों की राजधानी अहिछत्रपुर (नागौर) थी।

- **कौनसा सही सुमेलित नहीं है? [कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिप्लोमा), 2022]**
  (1) सौ द्वीपों का शहर - बाँसवाड़ा
  (2) मरुस्थल का प्रवेश द्वार - जैसलमेर
  (3) नीला शहर - जोधपुर
  (4) राजस्थान का जिब्राल्टर - अजमेर

**व्याख्या : (2)** मरुस्थल का प्रवेश द्वार **जोधपुर** को कहा जाता है। जैसलमेर को **'स्वर्ण नगरी'**, **'हवेलियों व झरोखों का शहर'**, राजस्थान का अण्डमान, रेगिस्तान का गुलाब/नखलिस्तान, म्यूजियम सिटी इत्यादि उपनामों से जाना जाता है।

- **21 जून को सूर्य राजस्थान के किस जिले में लम्बवत् चमकता है? [REET Mains L-2 (Science-Math), 2022 कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमा), 2022]**
  (1) श्रीगंगानगर (2) अजमेर
  (3) बाँसवाड़ा (4) जोधपुर

**व्याख्या : (3)** 21 जून को सूर्य **कर्क रेखा** पर लम्बवत् चमकता है जिसे **ग्रीष्म अयनांत** कहते हैं। चूँकि कर्क रेखा राजस्थान में **बाँसवाड़ा** से होकर गुजरती है इसलिए 21 जून को सूर्य बाँसवाड़ा में लम्बवत् चमकता है। यह **उत्तरी गोलार्द्ध** में **सबसे लम्बा दिन** होता है।

- **कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है? [कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिकी/विद्युत) (डिप्लोमा), 2022]**
  (1) पहाड़ों की नगरी - डूँगरपुर
  (2) राजस्थान का प्रवेश द्वार - भरतपुर
  (3) वस्त्र नगरी - भीलवाड़ा
  (4) पूर्व का पेरिस - उदयपुर

**व्याख्या : (4)** पूर्व का पेरिस **जयपुर** को कहा जाता है। जयपुर को **गुलाबी नगर, दूसरा वृन्दावन, आइलैण्ड ऑफ ग्लोरी** (सी.वी. रमन ने) आदि नामों से जाना जाता है। उदयपुर को **'पूर्व का वेनिस'**, **'राजस्थान का कश्मीर'**, **'सिटी ऑफ फाउंटेन एण्ड माउण्टेन'** आदि उपनामों से जाना जाता है।

- **राजस्थान का राज्य वृक्ष है– [कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिकी/विद्युत) (डिप्लोमा), 2022]**
  (1) प्रोसोपिस सिनेरेरिया (2) टेकोमेला उण्डुलेटा
  (3) प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा (4) होहोबा

**व्याख्या : (1)** राजस्थान का राज्य वृक्ष **खेजड़ी** (शमी) है जिसका वैज्ञानिक नाम **'प्रोसोपिस सिनेरेरिया'** है। इसे 31 अक्टूबर, 1983 को राज्य वृक्ष घोषित किया गया था। इसकी फली को **'सांगरी'** तथा पत्तियों को **'लूम'** कहते हैं। खेजड़ी को सिंधी में **'छोकडा'**, पंजाबी-हरियाणवी में **'जाण्टी'**, कन्नड़ में **'बन्नी'**, तमिल में **'पेयमेय'** तथा बंगाली में **'छाईगाछ'** कहा जाता है। विजया दशमी (दशहरा) पर शमी वृक्ष का पूजन किया जाता है। 5 जून, 1988 को खेजड़ी पर 60 पैसे का डाक टिकट भी जारी किया गया था। इसे **'रेगिस्तान का कल्पवृक्ष'** कहते हैं।

- **भारत का प्रथम 'डिजिटल आर्काइव' राजस्थान में किस स्थान पर स्थित है? [REET Mains Level-1, 2022]**